# शराब दुकान शुरू करने के खिलाफ महिलाओं का चक्काजाम

▶ सराय में सड़कों पर उतरा गुस्सा प्रदर्शन से यात्रायात प्रभावित

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर के सराय स्थित लोहा मंडी क्षेत्र में प्रस्तावित नई शराब दुकान के विरोध में सोमवार को स्थानीय रहवासियों, व्यापारियों और महिलाओं का गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा। रिहायशी इलाके में दुकान खोले जाने के खिलाफ लोगों ने चक्काजाम कर जोरदार प्रदर्शन किया, जिससे क्षेत्र में यातायात पूरी तरह प्रभावित रहा।

प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भागीदारी की, जिनमें मुस्लिम महिलाएं विशेष रूप से शामिल रहीं। उन्होंने 'जय भीम' की तख्तियां और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के पोस्टर हाथ में लेकर दुकान के बाहर धरना दिया। महिलाओं ने साफ चेतावनी दी कि किसी भी स्थिति में इस स्थान पर शराब दुकान नहीं खुलने दी जाएगी।






रहवासियों और व्यापारियों का कहना है कि यह क्षेत्र न केवल घनी आबादी वाला है, बल्कि एक प्रमुख व्यावसायिक मार्ग भी है। ऐसे में यहां शराब दुकान खुलने से सामाजिक माहौल बिगड़ेगा और महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा प्रभावित होगी। विरोध के समर्थन में कई दुकानदारों ने अपनी दुकानें बंद रखीं। सूचना मिलते ही औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी सत्येंद्र रघुवंशी, हाट की चौकी प्रभारी पंकज राजपूत सहित पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति संभालने का प्रयास किया। बावजूद इसके प्रदर्शनकारी अपनी मांग पर अड़े रहे।

### कांग्रेस ने दिया समर्थन

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष और शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा भी मौके पर पहुंचे और आंदोलन को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि जनभावनाओं के खिलाफ यहां शराब दुकान नहीं खुलने दी जाएगी।

## सुनसान सड़क पर खौफ : चाकू की नोक पर परिवार से लूट

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले के बाजना क्षेत्र में देर रात हुई लूट की वारदात ने कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। जावरा से राजस्थान के कुशलगढ़ लौट रहे एक परिवार को सुनसान रास्ते में बदमाशों ने घेरकर चाकू की नोक पर लूट लिया। घटना के दौरान परिवार के साथ मारपीट भी की गई, जिससे वे दहशत में आ गए।

जानकारी के अनुसार, राजस्थान के कुशलगढ़ निवासी कादर खान अपनी बेटी फरजाना और तीन वर्षीय पोते के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। रतनपुर के पास, माही नदी से करीब 9 किलोमीटर पहले, रात लगभग 12 बजे 6 अज्ञात बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। बदमाशों ने चाकू दिखाकर परिवार को धमकाया और कादर खान की गर्दन पर चाकू रखकर जान से मारने की धमकी दी।

डरे-सहमे परिवार से बदमाशों ने करीब 20 हजार रुपए नकद, मंगलसूत्र, कान के टॉप्स, बाइक की चाबी, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड सहित कपड़ों से भरा बैग और अन्य सामान लूट लिया। वारदात के दौरान बदमाशों ने मारपीट भी की। इसी बीच बाजना की ओर से आ रहे एक मैजिक पिकअप वाहन की हेडलाइट दिखाई देने पर बदमाश मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद पीड़ित परिवार रात करीब 1 बजे बाजना थाने पहुंचा और शिकायत दर्ज कराई। बताया जा रहा है कि जिस इलाके में वारदात हुई, वहां रात में पुलिस गश्त नहीं होने की शिकायतें पहले भी मिलती रही हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है और जल्द गिरफ्तारी का दावा किया है।

## जनगणना के लिए प्रशिक्षण के बाद पर्यवेक्षकों ने फील्ड में किया परीक्षण



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** भारत सरकार गृह मंत्रालय जनगणना कार्य निर्देशालय के निर्देशानुसार कलेक्टर मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जनगणना 2027 के लिए प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के कार्य हेतु नियोजित प्रगणक एवं पर्यवेक्षक को प्रशिक्षण दिया गया।

चार्ज अधिकारी बाजाना, पिपलोदा, तहसील रतलाम शहर, तहसील रतलाम ग्रामीण, तहसील आलोट(आक्याकलां), तहसील जावरा, तहसील ताल, तहसील रावटी, तहसील सैलाना द्वारा अपने अपने क्षेत्र में आयोजित प्रशिक्षण का निरीक्षण किया गया। नगरीय क्षेत्र में आयोजित प्रशिक्षण का भी संबंधित चार्ज अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया । प्रशिक्षण में फील्ड स्तरीय मास्टर ट्रेनरो द्वारा प्रशिक्षण दिया गया एवं जनगणना कार्य की जानकारी दी गई। जिला जनगणना प्रभारी ओजस्विनी शर्मा द्वारा भी प्रशिक्षण का निरीक्षण कर प्रशिक्षण की गुणवत्ता एवं कार्यप्रणाली का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण प्राप्त करने के साथ ही प्रगणक एवं सुपरवायजरों ने फील्ड में जाकर दक्षता का परीक्षण भी किया।

## सहकारी बैंक ने 712 .08 लाख का किया लाभ अर्जित

**रतलाम।** कलेक्टर एवं प्रशासक जिला सहकारी बैंक मिशा सिंह ने मार्गदर्शन में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, रतलाम द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में राशि 712.08 लाख रूपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया गया जो, कि गतवर्ष 523.24 लाख रूपए की तुलना में 188.84 लाख अधिक है। 31 मार्च 2026 की स्थिति में बैंक की अमानतें 737.98 करोड़ रूपए है। बैंक द्वारा शासन की योजनांतर्गत कृषको को 0 प्रतिशत् ब्याज दर पर राशि 648.00 करोड़ रूपए का ऋण वितरण किया गया है। बैंक का एनपीए गतवर्ष की तुलना में 30.11 करोड़ रूपए से कम होकर 19.05 करोड़ रूपए ही रह गया है जो कि निर्धारित मापदण्ड 5 प्रतिशत से कम होकर 3.81 प्रतिशत रह गया है। इस संबंध में शासन की रिस्ट्रक्चिंग योजना एवं कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक श्रीमती मिशा सिंह के उचित मार्गदर्शन से संभव हो सका है। बैंक के महाप्रबंधक कृतज्ञ गुप्ता द्वारा बताया गया कि वर्ष 2025-26 में बैंक द्वारा किसानों एवं अमानतदारों के लिये मिस्ड कॉल सुविधा शुरू की गई है जिसमें वह अपने खाते के बेलेंस की इन्क्वायरी कर सकते है साथ ही इन्टरनेट बैंकिंग की व्यू फेसिलिटी भी शुरू की गई है।



## नवनियुक्त एल्डरमैन का किया सम्मान

**नवभारत न्यूज**

**नामली।** नगर परिषद नामली के सभाकक्ष में सोमवार, 13 अप्रैल 2026 को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित 'नारी शक्ति वंदन सम्मेलन' का लाइव प्रसारण देखा गया।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पार्षदों और कर्मचारियों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर नगर परिषद के नव-नियुक्त एल्डरमैन—किर्ती जायसवाल, विजय कुमार और राजेश परिहार का अध्यक्ष श्रीमती अनिता रजनीश परिहार, उपाध्यक्ष श्रीमती पूजा श्रीनाथ योगी, पार्षदों और कर्मचारियों ने फूलमालाओं से स्वागत किया। कार्यक्रम में पार्षद संध्या विष्णु गुजरिया, यशोदा बाई कन्हैयालाल कुमावत, बलवान सिंह सोनगरा, राधेश्याम पड़ियार, राजेश चौहान सहित विधायक प्रतिनिधि संजय मेहता, अध्यक्ष प्रतिनिधि रजनीश परिहार, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि श्रीनाथ योगी, पार्षद प्रतिनिधि अजय जोगचंद एवं नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## महिलाओं के अधिकार पर दिया व्याख्यान

**जावरा।** भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नारी शक्ति वन्दन पखवाड़ा 11 से 25 अप्रैल तक मनाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत विभिन्न विभागों में व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. एजी पठान ने बताया कि इस कार्यक्रम के प्रथम चरण में 13 अप्रैल को महाविद्यालय के हिंदी विभाग में नारी शक्ति वन्दन अधिनियम 2023 में विहित प्रावधानों पर आधारित व्याख्यान एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया। मुख्य मुख्य वक्ता डॉ. अर्चना भट्ट प्राध्यापक शासकीय कला विज्ञान महाविद्यालय रतलाम ने नारी शक्ति वंदन एवं महिलाओं के अधिकार विषय पर अपना व्याख्यान दिया एवं विद्यार्थियों से संवाद किया। संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. आभा सक्सैना द्वारा किया गया।

## जागरूकता रैली निकली, लोगों ने लिया स्वच्छता का संकल्प



**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** नगर परिषद सैलाना द्वारा सोमवार को स्वच्छता स्वाभिमान अभियान के अंतर्गत स्वच्छता के प्रति आमजन में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भव्य वाहन रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ नगर के घंटाघर क्षेत्र से किया गया जो बस स्टैंड चौराहे पहुंची और वहां से होते हुए नगर परिषद कार्यालय में समापन हुआ।

रैली के दौरान स्वच्छता से जुड़े संदेशों का प्रचार-प्रसार किया गया तथा नागरिकों को अपने आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। जगह-जगह लोगों ने रैली का स्वागत किया और अभियान के प्रति समर्थन व्यक्त किया।

नगर परिषद कार्यालय में आयोजित समापन कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) मनोज शर्मा ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं, बल्कि यह हमारी दैनिक आदत का हिस्सा होना चाहिए।

इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला, सीएमओ मनोज शर्मा, एल्डरमैन नाथूलाल राठौड़, रवि शर्मा, सपना खराड़ी, वर्दी चंद पाटीदार, पार्षद प्रतिनिधि किशोर कसेरा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, नोडल अधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं सफाई मित्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर नगर को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया तथा आमजन से भी इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।



## भारत रत्न डॉ .भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर दीप प्रज्जवलन से जगमगाया अम्बेडकर सर्कल

▶ कैबिनेट मंत्री काश्यप की उपस्थिति में भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया दीप प्रज्जवलन का शुभारंभ

**रतलाम।** संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा ने सोमवार को दीप प्रज्ज्वलन का कार्यक्रम आयोजित किया। इसका शुभारंभ केबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप की उपस्थिति में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने दीप जलाकर किया।

केबिनेट मंत्री काश्यप ने सबको अंबेडकर जयंती की शुभकामनाए दी। जिलाध्यक्ष उपाध्याय ने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा द्वारा सभी जिलों मे दीप प्रज्वलन किया गया है। महापौर प्रहलाद पटेल, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल, पूर्व महापौर एवं इंदौर ग्रामीण जिला प्रभारी शैलेंद्र डागा ने भी डॉ. अम्बेडकर के प्रतिमा स्थल पर दीप प्रज्जवलन किया। इस दौरान भाजपा के मंडल अध्यक्ष आदित्य डागा, मयूर पुरोहित, निलेश गांधी, सोना शर्मा, नंदकिशोर पंवार, सहित प्रदेश, जिला, मंडल, मोर्चा, प्रकोष्ठ के पदाधिकारी,एम.आई.सी सदस्य व पार्षद सहित बड़ी संख्या मे कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।



## कैबिनेट मंत्री ने अभा शूटिंग बॉल स्पर्धा के पोस्टर का किया विमोचन

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** अखिल भारतीय शूटिंग बाल आमंत्रित स्पर्धा 2026 के पोस्टर का विमोचन मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री एवं शहर विधायक चैतन्य काश्यप द्वारा किया गया।

आयोजन आगामी 20-21 अप्रैल को रेलवे वॉलीबॉल खेल मैदान पर आयोजित होने वाली स्वर्गीय आरआर व्यास, स्व. रामचंद्र भाटी,स्व. शांतिलाल जैन डेडी ,स्व. सुरेशसिंह भदोरिया,स्व. बसंतीलाल क्षत्रीय की स्मृति में होगा। इस अवसर पर आयोजन समिति के प्रकाश चंद्र व्यास, यूं एल भाटी, राजकुमार गुर्जर उपस्थित रहे।श्री भाटी ने कैबिनेट मंत्री जी को बताया कि स्पर्धा में देश की हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, सहीत प्रदेश एवं जिले की टीम प्रतियोगिता में भाग लेगी तथा प्रथम पुरस्कार 21000 रुपए रखा गया है।

एक नजर में ▶ जनसंघर्ष समिति के सदस्यों से बोले -एसडीएम

## एक माह में हटा लेंगे भूमि की खरीदी-बिक्री से रोक : एसडीएम



### कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सुनील पोखरना, मनोज मेहता, गुड्डू पठान, राजेश कोठारी, एडवोकेट प्रदीप सोलंकी, उबेद अंसारी, असलम मेव, जीतू मालवीय, जगदीश सोलंकी, मुबारक मामा, रईस कुरैशी, अली जमान, शशांक अग्रवाल, आरडी धाकड़, राधेश्याम पाटीदार, सुरेश माली, जीवन सैनी, मोहन सैनी, फरीद हुसैन मेव, अब्बास बोहरा, मनोहर धाकड़, जगदीश चौहान, नरेंद्र सेठिया, अनु मिस्त्री, इरफान, अब्दुल रहीम, मुजफ्फर शाह, आफताब आदि उपस्थित रहे।

**जावरा।** जन संघर्ष समिति के सदस्यों एवं धारा 11 के प्रकाशन से प्रभावित लोगों ने सोमवार दोपहर 12.30 बजे एसडीएम कार्यालय परिसर में अनुविभागीय अधिकारी सुनील जायसवाल से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने एसडीएम को बताया कि उज्जैन-जावरा फोरलेन के नए एलाइनमेंट के बावजूद हुसैन टेकरी चौराहा से जोयो तिराहे के बीच की जमीन के क्रय-विक्रय पर लगी रोक को हटाया नहीं जा रहा है। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

एसडीएम ने आश्वस्त करते हुए कहा कि अगले एक महीने में उक्त रोक हटा ली जाएगी। समिति सदस्यों का कहना था कि पिछले 6 माह से क्षेत्रीय सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक डॉ.राजेन्द्र पांडेय, उज्जैन कमिश्नर, कलेक्टर रतलाम, एसडीएम कार्यालय, तहसीलदार को इस संबंध में पत्र लिखे गए। लेकिन प्रशासन की हठधर्मिता के कारण समस्या का निदान नहीं हो पाया। जन संघर्ष समिति ने उज्जैन-जावरा फोरलेन सडक के निर्माण को लेकर एसडीएम से वस्तुस्थिति स्पष्ट करने की मांग की तो उन्होंने कहा कि मेरी जानकारी के अनुसार उक्त रोड जमीन लेवल पर ही बनेगा। इस बीच समिति सदस्यों ने धारा 11 के तहत जमीन के खरीदने-बेचने पर जारी रोक एक महीने में नहीं हटाए जाने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

एक नजर में

## कृषि उपज मंडी में सड़क सुरक्षा अभियान, ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर लगाए गए रेडियम स्टिकर



**रतलाम।** जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में आज कृषि उपज मंडी रतलाम परिसर में सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत मंडी में उपज लेकर आने वाले किसानों के ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम स्टिकर लगाए गए, ताकि रात्रि के समय वाहनों की दृश्यता बढ़े और सड़क दुर्घटनाओं की संभावना कम हो सके। इस दौरान लगभग 100 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर रेडियम स्टिकर लगाए गए। प्रशासन द्वारा किसानों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करते हुए अपील की गई कि वे अपने वाहनों पर आवश्यक सुरक्षा उपाय अपनाएं, जिससे दुर्घटनाओं से बचाव सुनिश्चित हो सके।

## रतलाम में नारी शक्ति वंदन महिला सम्मेलन का किया बड़ी स्क्रीन पर लाइव प्रसारण



**रतलाम।** देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नारी शक्ति वंदन पखवाडा अंतर्गत महिला सम्मेलन को संबोधित किया गया। कार्यक्रम का जिला मुख्यालय रतलाम स्थित गुलाब चक्कर एवं एनआईसी कक्ष कलेक्ट्रेट परिसर में लाईव प्रसारण दिखाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पद्मश्री डॉ. लीला जोशी, नगर निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, नगर निगम की महिला पार्षदगण सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी राम निवास बुधौलिया ने बताया कि नारी शक्ति वंदन पखवाडे के अंतर्गत 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक जिले में विभिन्न विभागों के समन्वय से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें व्याख्यान, गोष्ठी, पदयात्रा सहित कई गतिविधियाँ शामिल रहेंगी। कार्यक्रम के अंत में जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त किया।

## रतलाम ग्रामीण में विकासखंड स्तरीय डॉ . भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह संपन्न

**रतलाम।** रतलाम ग्रामीण में विकासखंड स्तर पर डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन सांदीपनी स्कूल, बिरमावल में किया गया। कार्यक्रम में रतलाम ग्रामीण क्षेत्र के विधायक मथुरालाल डामर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। सभी ने बाबा साहेब के आदर्शों पर चलने एवं समाज में समानता, शिक्षा और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। समारोह में संविधान की प्रस्तावना का वाचन भी किया गया।

## डॉ . भीमराव अम्बेडकर जयंती पर माल्यार्पण

**रतलाम।** भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को भारतीय जनता पार्टी द्वारा छत्रीपुल स्थित अम्बेडकर सर्कल माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इसमें कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप शामिल होगे। प्रातः 10:30 बजे होने वाले इस कार्यक्रम मे भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय के नेतृत्व मे भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता डॉ. अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनका स्मरण करेगे।

## श्रद्धा और भक्ति का दिव्य संगम : सेमलियाजी तीर्थ पर मैत्री मिलन समारोह संपन्न

**जावरा।** श्री श्वेतांबर जैन वरिष्ठ सेवा समिति द्वारा इस सत्र का प्रथम मैत्री मिलन समारोह एवं तीर्थ दर्शन 2300 वर्ष प्राचीन पावन धरा श्री सेमलियाजी महातीर्थ में अत्यंत श्रद्धा, भक्ति एवं उत्साह के साथ गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समाजसेवी लालचंद सुराणा, राजकुमार सुराणा, अभय सुराणा (रतलाम) एवं जीवदया प्रेमी विनोद डांगी के विशेष आतिथ्य में आयोजित हुआ, जिसने आयोजन को विशेष ऊंचाई प्रदान की। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में दादा शांतिनाथ भगवान को छाप चढ़ाने का लाभ चमेलीदेवी आनंदीलाल संघवी को प्राप्त हुआ। ढोल-नगाड़ों और भक्ति भाव के बीच निकले जुलूस में बड़ी संख्या में दंपति एवं सदस्यगण सिर पर छाप लेकर शांतिनाथ दादा के दरबार पहुंचे। वहां सभी ने आरती, पूजा-अर्चना एवं वंदन कर स्वयं को धन्य अनुभव किया। मुख्य अतिथि लालचंद सुराणा ने कहा कि अध्यक्ष अभय सुराणा की सकारात्मक सोच और कुशल नेतृत्व संस्था को निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर कर रहा है। आगामी मैत्री मिलन श्री बीबडोद तीर्थ में आयोजित करने का सुझाव देते हुए स्वयं को भी सेवा का अवसर प्रदान करने का आग्रह किया। विशेष अतिथि राजकुमार सुराणा ने संस्था की सेवा गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता का आश्वासन दिया तथा रतलाम में ब्लड बैंक के माध्यम से संचालित सेवा कार्यों की जानकारी साझा की। वहीं जीवदया प्रेमी विनोद डांगी ने आगामी यात्रा श्री नाकोड़ाजी तीर्थ में आयोजित करने की घोषणा करते हुए मुख्य लाभार्थी बनने का सौभाग्य प्राप्त किया। अध्यक्ष अभय सुराणा ने स्वागत भाषण में संस्था की गतिविधियों एवं उद्देश्यों पर भी प्रकाश डालते हुए संस्था एवं सेवा गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। अतिथियों का स्वागत यात्रा संयोजक अभय श्रीमाल, नेमीचंद जैन, अनिल धारीवाल, अनिल पावेचा, अशोक सुराणा, बसंतीलाल चपडोद, शांतिलाल डांगी, यशवंत सुराणा, संजय सुराणा सहित अनेक सदस्यों द्वारा किया। आशा कोचट्टा, मंजू डांगी एवं पुष्पा चपडोद द्वारा प्रस्तुत मेरी भावना सब सुखी संसार बने की प्रार्थना ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।